UTTARAKHAND

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# अस्थाई खण्ड,लोक निर्माण विभाग,चकराता।

Website-http://pwd.uk.gov.in E-Mail-eepwdchakrata10@rediffmail.com

पत्रांक 114 / 15सी04 दिनांक 02/05/2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
चकराता वन प्रभाग,चकराता।

विषयः— जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र चकराता के अन्तर्गत लोखण्डी बुधेर वन मार्ग ग्राम पंचायत बुल्हाड़ के ग्राम उदावां तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु 3.900 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यार्वतन। (Online NO.FP/UK/ROAD/4817/ 2020)

सन्दर्भः— आपका पत्रांक सं0 4347/12—1 चकराता दिनांक— 21 मार्च 2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के कम में दिनांक 03.04.2023 को प्रस्तावित मार्ग का संयुक्त निरीक्षण इस कार्यालय के सहायक अभियन्ता एवं अपर सहायक अभियन्ता द्वारा आपके साथ मय वन क्षेत्राधिकारी चकराता द्वारा किया गया था जिसनें भारत सरकार द्वारा लगाई गयी आपत्ति के अनुसार प्रस्तावित मार्ग को संशोधित कर मार्ग की चौडाई 3 से 4 मीटर कर संशोधित प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने हेतु कहा गया है। आपको पुनः अवगत कराना है, कि लोक निर्माण विभाग में पहाडी क्षेत्रो के मोटर मार्गो के नव निर्माण हेतु मानक न्यूनतम चौडाई 5.95 मीटर से कम की प्रस्तावित नही की जा सकती है। अतः उपरोक्त प्रस्ताव में मार्ग की चौडाई 3 से 4 मी0 किया जाना सम्भव नही है। इसके अतिरिक्त स्थलीय निरीक्षण उपरान्त पूर्व में आरक्षित वन भूमि/वन पंचायत भूमि में पड़ने वाले वृक्षो की गणना एवं प्रजाति नें भिन्नता पायी गई है, नवीन गणना एवं प्रजाति सही है।

अतः उपरोक्त आख्या आपको अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

02/5/23

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0,चकराता।

02/05/23

पत्रांक_____/15सी04 दिनांक /05/2023

प्रतिलिपिः— सहायक अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, चकराता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0,चकराता।

Scanned with CamScanner